# भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी

**वैश्विक अस्थिरता के बीच 2026 में भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत बढ़ेगी**

**बड़े बाजारों में बनी मजबूत मांग यूएन रिपोर्ट में खुलासा**




**नई दिल्ली 8 जनवरी. संयुक्त राष्ट्र की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था 2026 में तेज गति से आगे बढ़ेगी. रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत से कहीं अधिक है.**

ऐसे समय में जब दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत का यह प्रदर्शन उसे वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बनाता है. संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2026' में कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2026 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि इसी अवधि में वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर केवल 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है. रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ऐसे समय में मजबूत वृद्धि दर्ज कर रहा है जब दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भू-राजनीतिक तनाव, नीतिगत अनिश्चितता और कमजोर व्यापारिक माहौल से जूझ रही हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य बड़े बाजारों में बनी मजबूत मांग भारत को टैरिफ में बढ़ोतरी जैसे वैश्विक झटकों के प्रभाव को कम करने में मदद करेगी. हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने भारत के लिए अपने विकास अनुमान को पहले के 7.4 प्रतिशत से घटाया है, फिर भी यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पूर्वानुमान के अनुरूप है. आईएमएफ के अनुसार, भारत 2025-26 में 6 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने वाली एकमात्र प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था होगा.

### जीडीपी 7.4 प्रतिशत अनुमान पर एजेंसियां सहमत

साख निर्धारण एजेंसियों और बैंकों ने चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने के अनुमान को अपेक्षा के अनुरूप बताते हुए कहा कि अगले वित्त वर्ष में भी इसमें मजबूती बनी रहेगी. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अग्रिम अनुमान जारी किया. इसमें कहा गया है कि स्थिर मूल्य आधारित रियल जीडीपी की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य आधारित नॉमिनल जीडीपी की वृद्धि दर आठ फीसदी रहने की संभावना है. इसमें सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि देखी गयी है. इसके साथ ही पूंजी निर्माण, सरकारी खपत और निजी क्षेत्र की खपत में भी मजबूत बढ़ोतरी का अनुमान है.

## मुंबई हवाई अड्डे ने पिछले साल बनाया 5.55 करोड़ यात्रियों का रिकॉर्ड


**मुंबई, 08 जनवरी.** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 5.55 करोड़ यात्रियों की आवाजाही के साथ एक नया रिकॉर्ड कायम किया. यह आंकड़ा कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 1.3 प्रतिशत और वर्ष 2023 की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है. कुल यात्रियों में 1.63 करोड़ अंतरर्राष्ट्रीय और 3.92 करोड़ घरेलू यात्री शामिल हैं. हवाई अड्डे के लिए जनवरी 2025 अब तक का सबसे व्यस्त महीना रहा, जिसमें करीब 50 लाख यात्रियों ने यहां से सफर किया. इसके बाद नवंबर 2025 में लगभग 49 लाख यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गयी.नवंबर में एक दिन में सबसे अधिक यात्रियों का रिकॉर्ड भी बना.

# भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते की समीक्षा

## 100 अरब डॉलर निवेश लक्ष्य पर भारत का जोर : मंत्री गोयल

**नई दिल्ली, 08 जनवरी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लिकटेंस्टाइन में भारत और पश्चिमी यूरोप के चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ व्यापारिक एवं आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) की समीक्षा की.**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के रिपोर्ट बताया गया कि नये वर्ष में श्री गोयल की लिकटेंस्टाइन यात्रा ईएफटीए के साथ व्यापारिक आर्थिक सहयोग समझौते के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है. ईएफटीए के सदस्य देशों में लिकटेंस्टाइन के साथ आइसलैंड, नार्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं. उसके साथ समझौता भारतीय वस्तुओं की गुणवत्ता और निर्यात सूची में विविधता का संकेत मानी जाती है. श्री गोयल ने लिकटेंस्टीन के वादुज़ कैसल में युवराज एलोइस वॉन अंड ज़ू से शिष्टाचार भेंट की.



ईएफटीए के साथ भारत के व्यापार और आर्थिक सहयोग समझौते का एक बड़ा लक्ष्य इसके सदस्य देशों से भारत में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश लाना है. इससे भारत में दस लाख नौकरियां पैदा हो सकती है. इस समझौते के तहत ईएफटीएक के भारत की गैर कृषि वस्तुओं को शत-प्रतिशत शुल्क मुक्त प्रवेश और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर शुल्क में में छूट दी गयी है. भारत ने इन देशों के उत्पादों को प्रवेश देते हुए फार्मा, मेडिकल उपकरण और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी

# वैश्विक अनिश्चितताओं से शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट

**मुंबई, 08 जनवरी. वैश्विक अनिश्चितताओं से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखी गयी और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की गिरावट में बंद हुए.**



बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक (0.92 प्रतिशत) टूटकर 11 नवंबर 2025 के बाद के निचले स्तर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ जो इसका 18 दिसंबर के बाद का निचला स्तर है. अमेरिका के 66 वैश्विक संधियों से अलग होने और रूस पर कड़े प्रतिबंध वाला विधेयक लाने से दुनिया भर के बाजारों में निवेशकों में अनिश्चितता देखी गयी.

मझौली और छोटी कंपनियों का तो और भी बुरा हाल रहा. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.99 प्रतिशत लुढ़क गया. सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए.

# भेल की मेक इन इंडिया में बड़ी उपलब्धि

**बेंगलुरु, 8 जनवरी. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने रेल परिवहन क्षेत्र के लिए अपनी मेक इन इंडिया पहलों में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की है. इसके अंतर्गत टीआरएसएल के साथ बीएचईएल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा निष्पादित की जा रही प्रतिष्ठित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना के लिए अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है.**



इस संबंध में, आज बीएचईएल के बेंगलुरु प्लांट में एक फ्लैग-ऑफ समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर, बानी वर्मा, निदेशक (औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद), बीएचईएल ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए सेमी-हाई-स्पीड अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स के प्रथम सेट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. एस एम रामनाथन, निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास), बीएचईएल और उमेश चौधरी, उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीआरएसएल ने वर्चुअल माध्यम से इस समारोह में भाग लिया. उल्लेखनीय है कि यह सेमी-हाई-स्पीड प्रोपल्शन सेगमेंट में बीएचईएल के रणनीतिक प्रवेश को दर्शाता है.

ट्रैक्शन कन्वर्टर्स को वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की अंतिम असेंबली के लिए कोलकाता भेजा जा रहा है. इसके अतिरिक्त, इन ट्रेनों के लिए ट्रैक्शन मोटर्स और ट्रांसफॉर्मर्स जैसे अन्य प्रमुख प्रोपल्शन उपकरण इसकी भोपाल और झांसी इकाइयों द्वारा विकसित और निर्मित किए गए हैं.

## इंडिगो के बेड़े में शामिल हुआ देश का पहला ए321एक्सएलआर विमान

**नई दिल्ली, 08 जनवरी.** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के बेड़े में देश का पहला ए321एक्सएलआर विमान बुधवार को शामिल हो गया. लंबी दूरी की उड़ान भरने में सक्षम एयरबस कंपनी का यह विमान आज दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा. कंपनी इसका परिचालन मुंबई-एथेंस मार्ग पर 23 जनवरी से और दिल्ली-एथेंस मार्ग पर 24 जनवरी से करेगी.

यह विमान एक बार ईंधन भरने के बाद 8,700 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है. इसमें ईंधन की बचत भी होगी. एयरलाइंस ने एक रिपोर्ट कि इसमें इंडिगोस्ट्रेच की 12 सीटें और इकोनॉमी श्रेणी की 183 सीटें हैं.



# इंडसफूड 2026 वैश्विक खाद्य व्यापार में भारत की ताकत

**नई दिल्ली, 08 जनवरी. उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भारत की प्रमुख वैश्विक खाद्य एवं पेय पदार्थ सोर्सिंग प्रदर्शनी इंडसफूड 2026 का 9वां आयोजन 8 से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा.**

इस भव्य अंतरर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टीपीसीआई) द्वारा किया जा रहा है. इसका उद्देश्य वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत को एक विश्वसनीय, प्रतिस्पर्धी और सशक्त भागीदार के रूप में स्थापित करना है. इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान करेंगे. उनका संबोधन भारत के खाद्य प्रसंस्करण इकोसिस्टम को मजबूत करने, निर्यात क्षमता बढ़ाने और भारतीय खाद्य उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा.

एशिया के प्रमुख खाद्य एवं पेय व्यापार मेलों में शामिल इंडसफूड 2026 में अग्रणी भारतीय खाद्य उत्पादक, अंतरर्राष्ट्रीय खरीदार, नीति निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ और वैश्विक संस्थान एक मंच पर एकत्र होंगे. यह आयोजन व्यापार सहयोग, द्विपक्षीय साझेदारी और दीर्घकालिक व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगा.

### संरक्षण और आधुनिक नवाचार पर चर्चा

इस प्रदर्शनी में 120 से अधिक देशों की भागीदारी की उम्मीद है, जिनमें हजारों सत्यापित वैश्विक खरीदार, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे. इंडसफूड 2026 में वैश्विक व्यापार और लॉजिस्टिक्स को समर्पित विशेष मंच भी होंगे. इनमें भारत मार्ट सत्र प्रमुख है, जो निर्यात अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स एकीकरण और नीतिगत संवाद पर केंद्रित रहेगा. पाक कला कूटनीति और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रथम विश्व पाक कला विरासत सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा. इसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शेफ, नीति निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण और आधुनिक नवाचार पर चर्चा करेंगे.

# पिछले दो दिनों से सोना-चांदी में आई गिरावट

**1.35** लाख पर पहुंचा सोना

**2.36** लाख पर आई चांदी



**नई दिल्ली 8 जनवरी. सोने और चांदी की कीमतों में आज यानी 8 जनवरी को गिरावट देखी गई. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 1,232 की गिरावट के साथ 1,35,443 पर बंद हुआ. वहीं चांदी 1 किलो के भाव में 12,225 की कमी के साथ 2,35,775 पर आई.**

विशेषज्ञों के अनुसार यह गिरावट प्रॉफिट बुकिंग के कारण है और आने वाले दिनों में सोने-चांदी की कीमतें फिर तेजी के साथ बढ़ सकती हैं. दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का दाम रुपए 1,232 की गिरावट के साथ 1,35,443 पर बंद हुआ, जबकि कल यह 1,36,675 पर बंद हुआ था. 1 किलो चांदी का भाव 12,225 की गिरावट के साथ 2,35,775 पर आ गया, जो पिछले दिन के ऑल टाइम हाई 2,48,000 के मुकाबले कम है.

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया ने बताया कि चांदी और सोने के पिछले दिनों के रिकॉर्ड स्तरों के कारण निवेशक मुनाफा निकाल रहे हैं.

## चावल, चीनी मजबूत; खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, 08 जनवरी.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये. चावल के साथ चीनी भी महंगी हुई. वहीं, गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया. औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत आठ रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. गेहूं 2,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा. आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही. दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया.

# कैंपा-श्योर के ब्रांड एंबेसडर बने अमिताभ बच्चन

**बेंगलुरु, 08 जनवरी. रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपने पैकेज्ड पेयजल ब्रांड कैंपा श्योर के लिए दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है.**




आरसीपीएल ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि कैंपा ब्रांड की तरह ही अमिताभ बच्चन भी उत्कृष्टता और भरोसे के प्रतीक माने जाते हैं और देश-विदेश में उनके करोड़ों प्रशंसक हैं.

यह साझेदारी उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत करेगी. कंपनी ने साल 2022 में कैंपा कोला का अधिग्रहण किया था 2023 में इसे दोबारा भारतीय बाजार में उतारा.

## समाचार विशेष



# लालू फैमिली में सीजफायर

## राबड़ी के बर्थडे पर 'तेजू भैया' की घर वापसी, एक फोटो ने बदल दी सियासी कहानी

**पटना. बिहार की राजनीति में लालू परिवार हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है. इस बार वजह थी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जन्मदिन. उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव गुरुवार को अपनी मां से मिलने गए. कहा जा रहा है कि तेज प्रताप और राबड़ी देवी बहुत लंबे समय बाद मिले. इस मुलाकात से जहां पारिवारिक रिश्तों में नई गर्माहट आई है, वहीं इसका राजनीतिक संदेश भी साफ तौर पर समझा जा रहा है.**

अपनी मां राबड़ी देवी के जन्मदिन पर तेज प्रताप यादव ने अपने बचपन की एक दुर्लभ फैमिली फोटो शेयर की. इस पुरानी तस्वीर में लालू यादव के सभी नौ बच्चे एक साथ दिख रहे हैं. करीब 6-7 साल के तेज प्रताप अपने पिता के बगल में टाई पहने खड़े हैं, जबकि छोटे तेजस्वी यादव (करीब 4-5 साल के) अपनी बड़ी बहन मीसा भारती के कंधों पर हाथ रखे हुए हैं. एक और फोटो राबड़ी देवी तेज प्रताप के साथ केक काटते हुए दिख रही हैं.

**तेज प्रताप ने लिखा इमोशनल कैप्शन-** तेज प्रताप यादव ने इस इन फोटोज के साथ एक भावुक कैप्शन भी लिखा है. 'जन्मदिन मुबारक हो मां, आप हमारे परिवार की आत्मा हैं. हर हंसी, हर प्रार्थना, हर उस पल के पीछे आप ही हैं जो घर जैसा लगता है. यह जो गर्मजोशी और प्यार से भरी हुई जिंदगी हम जीते हैं, यह सब आपकी वजह से है. तेज प्रताप ने आगे लिखा, आपने इसे तब संभाला जब हमें पता भी नहीं था कि संभालना क्या होता है. आप मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा हैं. आपने बिना कुछ गिने दिया, बिना किसी शर्त के प्यार किया, और तब भी मज़बूत बनी रहीं जब किसी ने नहीं देखा कि यह कितना मुश्किल था.

### तीन महीने बाद मां से मिले 'तेजू भैया'

तेज प्रताप यादव हाल ही में हुए पारिवारिक विवाद के बाद पहली बार अपनी मां राबड़ी देवी से मिले. वह हाल ही में अपनी पार्टी के अंदर कई मुद्दों पर असहमति जताने की वजह से खबरों में थे. लालू परिवार में तेज प्रताप और तेजस्वी यादव के बीच मतभेदों को लेकर कुछ समय से अटकलें लगाई जा रही हैं. हालांकि, इस मुलाकात से पता चलता है कि तेज प्रताप अब अपने परिवार के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहे हैं.

## उद्धव के छोटे बेटे की राजनीति में एंट्री

**मुंबई.** महाराष्ट्र में नगर निकाय और नगर पालिका का चुनाव का शोर मचा हुआ है. जिसकी वोटिंग 15 जनवरी को होगी. राज्य की सभी ही राजनीतिक दलों ने इस इलेक्शन को जीतने के लिए सारी ताकत झोंक दी है. इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पहली बार अपने छोटे बेटे तेजस ठाकरे को बीएमसी चुनाव प्रचार करने के लिए उतारा है. सोशल मीडिया एक्टिव रहते हैं तेजस - तेजस ठाकरे इससे पहले सोशल मीडिया पर राजनीतिक तौर पर एक्टिव रहते थे. उन्होंने पिता उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने पर भी रिएक्शन दिया था.

## सपा ने जारी किया 'पीडीए पंचांग'

**लखनऊ.** समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में पार्टी ने रविवार को वाराणसी में अपने 'पीडीए पंचांग' का आधिकारिक विमोचन किया. राजधानी लखनऊ के बाद वाराणसी को राजनीतिक रूप से सबसे बड़ा अखाड़ा माना जाता है और यहीं से सपा ने अपने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को घर-घर पहुंचाने की रणनीति बनाई है. इस कार्यक्रम में पार्टी के क्षेत्रीय नेताओं के साथ-साथ एमएलसी आशुतोष सिन्हा और सपा नेता डॉ. अजय चौरसिया सहित प्रदेश के कई अन्य दिग्गज नेता मौजूद रहे.


**नाम परिवर्तन**

मैं मोहम्मद सरफराज आत्मज अब्दुल रज्जाक म.नं. 56, रज्जाक मंजिल सेन्ट्रल लायब्रेरी इतवारा रोड, तहसील हुजूर, भोपाल म.प्र. सूचित करता हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम Mohd. Sarfraz दर्ज है, जो कि सही है एवं मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम Mohammad Sarfaraz दर्ज है, जो कि गलत है. पासपोर्ट में मेरा सही नाम Mohd. Sarfraz दर्ज किया जाए व इसी नाम से जाना-पहचाना जाए. RN-58494

**नाम परिवर्तन**

मेरा पूर्व का नाम Najanee Vee था. उसे मैंने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम Najni Bee कर लिया है. अतः मुझे Najni Bee के नाम से जाना व पहचाना जाए. पता- वार्ड नं. 11, ग्राम सलामतपुर, जिला रायसेन म.प्र.

**नाम परिवर्तन**

मेरा पूर्व का नाम Masuk Ali था. उसे मैंने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम Mashuk Ali कर लिया है. अतः मुझे Mashuk Ali के नाम से जाना व पहचाना जाए. पता- वार्ड नं. 11, ग्राम सलामतपुर, जिला रायसेन म.प्र.

CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400098, सीआईएन नंबर U65922MH2016PLC273826

**डिमांड नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, २००२ की धारा १३(२) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, २००२ के नियम ३ (१) के साथ पठित**

अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, २००२ ( उक्त अधिनियम ) के अंतर्गत सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं. उक्त अधिनियम की धारा १३ ( १२ ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, २००२ के नियम ३ के साथ पठित, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा १३ ( २ ) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं ( उक्त उधारकर्ता ) से राशि वापस करने का आह्वान किया गया है. उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से ६० दिनों के भीतर सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, साथ ही उक्त डिमांड नोटिस में विस्तृत रूप से देय राशि के पूर्ण पुनर्भुगतान की तारीख तक ब्याज और अन्य शुल्क भी देना होगा. नीचे उल्लिखित तारीखों से लेकर भुगतान और / या वसूली की तारीख तक, उक्त उधारकताओं द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों / लिखित दस्तावेजों, यदि कोई हो, के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय ऋण की देय चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उधारकताओं द्वारा सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को गिरवी रखा गया है

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या/उधारकर्ता (ओं)/सह-उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम | कुल बकाया राशि (रु.) | एनपीए दिनांक / सेक. 13(2) नोटिस दिनांक / एफसीएल दिनांक | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BHOVD23013081 और BHOVD24020005 / प्रकाश सिंह/निधि बाई/मीरा बाई राजपूत/दीमान सिंह राजपूत (जी) | रू. 11,20,641.00/- (ग्यारह लाख बीस हजार छह सौ इक्तालीस मात्र) | 09-12-2025<br>30-12-2025<br>23-12-2025 | अचल संपत्ति के अधिकार, टुकड़े और पार्सल में सर्वेक्षण संख्या 1253, पीएच नं. 60, प्रशासन। 800 वर्गफुट, वार्ड क्रमांक 2, गौशाला के सामने, रामबाग कॉलोनी, तहसील एवं जिला-विदिशा-464001, मध्य प्रदेश। सीमाएँ:- पूवः कुशवाह जी का मकान पश्चिमः विक्रेता भूखंड उत्तरः विक्रेता भूखंड दक्षिणः रास्ता |
| 2 | JLRSG23011386 / विमला सिंह/मुकेश कुमार रजक (जी) | रू. 8,46,079.00/- (आठ लाख छियालीस हजार उन्यासी मात्र) | 04-12-2025<br>30-12-2025<br>26-12-2025 | अचल संपत्ति के अधिकार, भाग और पार्सल में, एचआईजी डीलक्स प्लॉट संख्या 84, खसरा संख्या 81/3, क्षेत्रफल 880 वर्ग फुट, ग्राम- बामहोरी रेंगुवा (पार्वती कुंज सेक्टर) पीएच नं. 49, आरआईसी- सागर 01, थाना एवं जिला- सागर-470002, मध्य प्रदेश। सीमाएँ:- पूर्वः सड़क पश्चिमः विक्रेता का प्लॉट संख्या 88 उत्तरः विक्रेता का प्लॉट संख्या 83 दक्षिणः विक्रेता का प्लॉट संख्या 85 |

यदि उक्त उधारकर्ता सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही करेगा, जो पूरी तरह से लागत और परिणामों के रूप में उक्त उधारकताओं के जोखिम पर होगी। उक्त उधारकताओं को अधिनियम के तहत सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

**स्थानः मध्यप्रदेश, दिनांक : 09.01.2026** — **एसडी/- सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए अधिकृत अधिकारी**

**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

AN ISO 9001: 2015 TED

इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001
निविदा सूचना कमांक-20/सा/2025-26

Phone No. 0761-2621541
E-mail:- cepwdcentral@nic.in
जबलपुर, दिनांक 05.01.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | 2026_PWD RB 473347_1 | सिवनी | उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गत गनेशगंज, लामटा, सुनवारा, पिण्डरई, देवरीटीका मार्ग लं. 27.90 कि.मी. का उन्नयन कार्य विद्युतीकरण सहित. | प्रथम | 6740.04 लाख | 34,72,000/- | 50,000/- | 16 माह वर्षाऋतु सहित |
| 02 | 2026_PWD RB 473340_1 | बालाघाट | उपसंभाग वारासिवनी के अंतर्गत कटंगी से लालबर्रा (मु.जि.मा) मार्ग लं. 40.00 कि. मी. (सी.सी. मार्ग) का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित. | प्रथम | 9795.90 लाख | 48,98,000/- | 50,000/- | 24 माह वर्षाऋतु सहित |

**टीपः-** निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है. निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 21.01.2026 समय 5:30 PM तक है. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा.

जी- 24081/25

**मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**